झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2011 से संबंधित आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या - 23/2011

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या–12/2011 के क्रम में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2011 से संबंधित सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रधानों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति संख्या–12/2011 में परीक्षा संबंधी विभिन्न कागजात प्राप्त करने के कार्यक्रम में निम्नांकित संशोधन किया जा रहा है:–

1) इंटर परीक्षा, 2011 के प्रवेश पत्र एवं अन्य कागजात का वितरण दिनांक 23.03.2011 से 26.03.2011 के स्थान पर दिनांक **25.03.2011 से 27.03.2011** तक परिषद् कार्यालय, राँची एवं क्षेत्रीय कार्यालय, दुमका से किया जाएगा। माध्यमिक परीक्षा, 2011 के लिए प्रवेश पत्रों एवं अन्य कागजात का वितरण जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से दिनांक 23.03.2011 से 26.03.2011 के स्थान पर दिनांक **25.03.2011 से 26.03.2011** तक किया जाएगा।

2) माध्यमिक परीक्षा, 2011 के प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र, सादा अंक पत्र तथा अन्य कागजात जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त करने की तिथि दिनांक 23.03.2011 से 26.03.2011 के स्थान पर दिनांक **23.04.2011 से 26.04.2011** निर्धारित की जाती है।

3) माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा, 2011 के प्रवेश पत्र एवं रौल शीट में यदि कोई त्रुटि हो तो उसमें आवश्यक संशोधन दिनांक 02.04.2011 तक विशेष दूत भेजकर करा लें। संशोधन संबंधी कोई भी सूचना FAX द्वारा नहीं भेजा जाय। परिषद् द्वारा किया गया संशोधन ही मान्य होगा; बिना परिषद् की अनुमति के विद्यालय/महाविद्यालय/केन्द्र स्तर पर किया गया संशोधन मान्य नहीं होगा और तदनुसार ऐसे छात्रों का परीक्षाफल यदि लम्बित होता है तो इसकी सारी जिम्मेवारी विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान की होगी।

विज्ञप्ति संख्या – 12/2011 की शेष शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

नोट: इंटर प्रवेश पत्र वितरण हेतु दिनांक 27.03.2011 दिन रविवार को परिषद् कार्यालय खुला रहेगा।

अध्यक्ष के आदेशानुसार,
ह./-
(यमुना गिरि)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

JAC/ माध्यमिक/5382/10/SECY/99/11
Dt. 17.03.2011
D.O.P. 18.03.2011